
ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 15 नवम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 200


## श्रीनगर के थाने में धमाका,300-600 मीटर दूर गिरे बॉडी पार्ट्स:लोग बोले- हमने खोपड़ी गिरते देखी; विस्फोटक में बिना डेटोनेटर के धमाका बना सस्पेंस



24 न्यूज अपडेट

ये कहना है 14 नवंबर की रात करीब 11:22 बजे श्रीनगर के नौगाम थाने में हुए ब्लास्ट में मारे गए शफी के रिश्तेदार का। इस धमाके में 9 लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और SKIMS सौरा हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि ये एक हादसा था। विस्फोटक से सैंपलिंग के दौरान ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फोरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल हैं।

नौगाम पुलिस स्टेशन के आसपास प्रभावित लोगों से बात की। उनकी जानकारी के अनुसार यहां हुआ धमाका दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके जैसा था। इसकी आवाज श्रीनगर से लेकर बड़गाम तक सुनाई दी। जैसे दिल्ली में शॉक वेव से 300-400 मीटर तक नुकसान हुआ था, वैसे ही नौगाम ब्लास्ट में भी दूर तक घरों को नुकसान पहुंचा।

### किसी की खोपड़ी गिरी थी, शरीर के टुकड़े बिखरे थे- प्रत्यक्षदर्शी

नौगाम थाने के पास ही रहने वाली एक महिला ने हमें कैमरे पर बताया कि हम तो उस समय सोए हुए थे। तभी अचानक तेज धमाका हुआ। पुलिस स्टेशन में। हमारा तो घर ही गिर गया। पूरा घर डैमेज हो गया। हम बच्चों को लेकर तुरंत घर से बाहर भागे। बाहर कहीं किसी की खोपड़ी गिरी थी। किसी के शरीर के टुकड़े बिखरे थे। हमने देखा है कि ह्यूमन बॉडी बिखरी हुई थीं।

### 'पहले लगा एयर ब्लास्ट हुआ, फिर देखा तो घर की खिड़कियां, शीशे, दरवाजे तक टूट गए'

पुलिस स्टेशन के पास रहने वाले जुनैद कहते हैं- मैं इसी कॉलोनी में रहता हूं। रात में 11 बजकर 20 मिनट पर ब्लास्ट हुआ। सब लोग घबरा गए। उस समय लगा कि कोई एयर ब्लास्ट तो नहीं हुआ। जब अपनी आंखों से देखा तो पता चला कि पास में धमाका हुआ।

### 'फोटोग्राफर अर्शीद अहमद के घर में अब कोई कमाने वाला नहीं'

नौगाम पुलिस थाने में हुए धमाके से पहले वहां की फोटोग्राफी करने के लिए अर्शीद अहमद शाह गए थे। धमाके में उनकी भी मौत हो गई। परिवार के लोगों का कहना है- काफी पहले अर्शीद के बड़े भाई की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके बाद से अर्शीद ही घर का खर्चा उठा रहा था। वो घर का इकलौता कमाने वाला था। हमें आज उसकी मौत की खबर मिली और पूरा परिवार सदमे में है। अर्शीद के दो बच्चे भी हैं। पिता को हार्ट की बीमारी है।

## मोदी बोले- बिहार ने जाति की राजनीति को ठुकराया:जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे



24 न्यूज अपडेट

पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर शनिवार को बिहार के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल के विधानसभा चुनाव में जाति की राजनीति को ठुकरा दिया।

उन्होंने कहा, जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। एनडीए ने बिहार में 243 सीटों में से 202 जीती हैं।

इसस

पहले वे पंडोरी माता के मंदिर गए। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

## ट्रम्प दो राज्यों में हार के बाद टैरिफ पर पलटे:बीफ-कॉफी से टैरिफ हटाया; अमेरिकियों का सलाना खर्च 8 लाख तक बढ़ने के बाद फैसला

24 न्यूज अपडेट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वर्जीनिया और न्यू जर्सी में हुए चुनावों में हारने के बाद टैरिफ से पीछे हट रहे हैं। ट्रम्प ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें बीफ, कॉफी और फलों सहित दर्जनों एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर लगे टैरिफ हटा दिए गए हैं। इसके पीछे मंहगाई बड़ी वजह है।

ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है। इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था। बीफ, कॉफी, चाय, फलों का जूस, कोको, मसाले, केले, संतरे, टमाटर और कुछ खाद उत्पादों को टैरिफ फ्री कैटेगरी में शामिल किया गया है।

द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें अप्रैल से सितंबर 2025 तक 2.7% बढ़ीं, जिसमें बीफ 7% और केले 7% महंगे हुए हैं। अमेरिकियों का कहना है कि उनकी मासिक लागत में एवरेज 9 हजार रुपए से 66 हजार रुपए तक बढ़ोतरी हुई है।

कुल मिलाकर, टैरिफ ने अमेरिकी परिवार के सलाना खर्च को एवरेज 2 से 8 लाख रुपए तक बढ़ा दिया है।

### कृषि उत्पादों से जुड़े इम्पोर्ट बढ़ाने के लिए फैसला

पिछले महीनों में बीफ सहित कई खाद्य उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। अप्रैल में ट्रम्प ने कई देशों पर टैरिफ लगाए थे। उनके प्रशासन का दावा था कि इनसे उपभोक्ता कीमतें नहीं बढ़तीं। लेकिन नतीजा इसके उलट आया। ब्राजील जैसे बड़े बीफ निर्यातक देश पर टैरिफ को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। यह फैसला इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, एल साल्वाडोर और अर्जेंटीना के साथ हुए समझौतों के तुरंत बाद आया। इनसे इन देशों से कृषि उत्पादों पर आयात टैक्स कम होगा। इस हफ्ते ट्रम्प ने कॉफी पर टैरिफ कम करने का संकेत दिया था, जिससे इम्पोर्ट आगे बढ़ सके।

### मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा कृषि साझेदार


2025 में अमेरिका का सबसे बड़ा कृषि व्यापारिक साझेदार मेक्सिको है, जो एक्सपोर्ट और आयात दोनों के मामले में टॉप पर है।

यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर (USDA) के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने मेक्सिको को रिकॉर्ड 30.3 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद एक्सपोर्ट किए, जो 2023 से 7% ज्यादा था।

कुल व्यापार मूल्य के लिहाज से, 2020-24 के एवरेज में मेक्सिको ने अमेरिका को 41.6 अरब डॉलर के इम्पोर्ट किए, जो सभी कृषि आयातों का लगभग 25% है, जबकि कनाडा दूसरे स्थान पर 35 अरब डॉलर के साथ है।

मुख्य एक्सपोर्ट में मक्का (5.51 अरब डॉलर), सूअर का मांस, डेयरी उत्पाद, सोयाबीन और मुर्गी मांस शामिल हैं, जबकि इम्पोर्ट में टमाटर, एवोकाडो, बेरीज और सब्जियां प्रमुख हैं।

## कोलकाता HC बोला- नाबालिग भी अग्रिम जमानत ले सकते हैं:जुवेनाइल कानून में मनाही का जिक्र नहीं; अभी 18+ वाले ही हकदार



24 न्यूज अपडेट

कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अब किसी भी अपराध में आरोपी नाबालिग (JUVENILE) भी एंटीसिपेटरी बेल के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले सिर्फ बालिग आरोपियों को ही गिरफ्तारी से पहले जमानत लेने का हक था।

तीन जजों की डिवीजन बेंच ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट तब लागू होता है जब नाबालिग पकड़ा जाता है और उसे जुवेनाइल बोर्ड के सामने पेश किया जाता है। लेकिन अग्रिम जमानत तो गिरफ्तारी से पहले का अधिकार है, ताकि किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुरक्षित रहे।

यह फैसला जस्टिस जय सेनगुप्ता, जस्टिस तीर्थंकर घोष और जस्टिस बिवास पटनायक की बेंच ने दिया। देश के किसी भी हाईकोर्ट की तरफ से सुनाया गया इस तरह का यह पहला फैसला है।

यह मामला उन चार नाबालिगों की याचिका से शुरू हुआ, जिन्हें 2021 में पश्चिम बंगाल के रघुनाथगंज पुलिस स्टेशन में दर्ज मामलों में गिरफ्तारी का डर था। मुद्दा यह था कि क्या जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 उन्हें अग्रिम जमानत (धारा 438) का अधिकार देता है या नहीं। इस बात पर जजों की अलग-अलग राय थी इसलिए एक सिंगल जज ने इसे बड़ी पीठ के पास भेज दिया था, ताकि फैसला हो सके।

## डेटा लेने से पहले कंपनियां बताएंगी क्यों लिया, क्या करेंगी:बच्चों का सोशल मीडिया अकाउंट पेरेंट्स की सहमति से बनेगा




24 न्यूज अपडेट

भारत में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) एक्ट 2023 अब नियमों के साथ पूरी तरह लागू हो चुका है। सरकार ने 14 नवंबर को इसके नियमों को नोटिफाई कर दिया है। ये नियम आम लोगों की प्राइवेसी को मजबूत करने के साथ-साथ इनोवेशन और डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देगा।

DPDP एक्ट को संसद ने 11 अगस्त 2023 को पास किया था। यह डिजिटल पर्सनल डेटा को हैंडल करने वाली कंपनियों (डेटा फिड्यूशरी) की जिम्मेदारियां तय करता है, जबकि लोगों को उनके अधिकार देता है।

### बच्चों और दिव्यांगों के डेटा के लिए पेरेंट्स की सहमति जरूरी

बच्चों के लिए किसी भी रूप में उनके डेटा का उपयोग करने के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। हेल्थकेयर, एजुकेशन या रीयल-टाइम सेफ्टी जैसे जरूरी मामलों में ही छूट मिलेगी। दिव्यांगों के लिए, जो लीगल डिसीजन नहीं ले पाते, उनके कानूनी गार्जियन से कंसेंट लेना पड़ेगा, जो कानून के तहत वेरिफाइड हो।

**कंसेंट बिना डेटा नहीं ले सकते:** कोई कंपनी या ऐप आपका पर्सनल डेटा कलेक्ट करने से पहले साफ-साफ बताएगी कि इसका क्या यूज होगा। बिना आपकी इजाजत के ये नहीं कर सकतीं। अगर आप नहीं चाहते, तो डेटा शेयर न करें- ये आपका हक है।

**डेटा सिर्फ जरूरी काम के लिए:** कंपनियां आपका डेटा सिर्फ वही काम कर सकती हैं जो उन्होंने बताया। मिसाल के तौर पर, शॉपिंग ऐप सिर्फ ऑर्डर के लिए यूज करेगी, मार्केटिंग के लिए नहीं। अगर गलत यूज हो, तो आप शिकायत कर सकते हैं।

**अपना डेटा कंट्रोल में रखें:** आप कभी भी अपनी जानकारी देख सकते हैं, गलतियां सुधार सकते हैं, अपडेट कर सकते हैं या पूरा डेटा डिलीट करवा सकते हैं। कंपनियों को 90 दिनों के अंदर जवाब देना पड़ेगा।

**डेटा लीक होने पर तुरंत खबर:** अगर आपका डेटा चोरी या ब्रेक होता है, तो कंपनी को तुरंत घंटों में आपको आसान भाषा यानी आपके समझने लायक भाषा में बताना पड़ेगा- क्या हुआ, असर क्या हो सकता है और क्या कदम उठाए। इससे आप सतर्क रह सकेंगे।

**शिकायत आसान, बोर्ड डिजिटल:** कोई प्रॉब्लम हो तो डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड पर ऑनलाइन या ऐप से शिकायत करें। ये फ्री है और ट्रैकिंग आसान। अगर संतुष्ट न हों, तो TDSAT कोर्ट में अपील कर सकते हैं। छोटे बिजनेस के लिए भी कंप्लायंस आसान रखा गया है, ताकि सर्विसेज महंगी न हों।

## नवी मुंबई एयरपोर्ट पर क्रिसमस से शुरू होंगी कमर्शियल फ्लाइट्स:अकासा की पहली फ्लाइट दिल्ली से, इंडिगो 10 शहर जोड़ेगी; 2026 तक 9 करोड़ पैसेंजर्स की कैपेसिटी



24 न्यूज अपडेट

नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NMIA) पर 25 दिसंबर 2025 से कमर्शियल फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी। अकासा एयर पहली फ्लाइट उड़ाएगी, जो दिल्ली से नवी मुंबई आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 अक्टूबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था, जो मुंबई का दूसरा बड़ा हब बनेगा और जो कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी कैपेसिटी के साथ यह 2026 तक 9 करोड़ पैसेंजर्स हैंडल करेगा।

### पहली फ्लाइट्स का शेड्यूल: अकासा एयर से शुरुआत

अकासा एयर की मेडेन (पहली) फ्लाइट 25 दिसंबर 2025 को दिल्ली से नवी मुंबई लैंड करेगी। उसी दिन गोवा रूट भी शुरू होगा। 26 दिसंबर से दिल्ली और कोच्चि कनेक्ट होंगे, जबकि 31 दिसंबर से अहमदाबाद फ्लाइट्स चालू होंगी। कंपनी ने कहा कि यह NMIA से चार शहरों को डायरेक्ट कनेक्ट करेगी।

दूसरी तरफ इंडिगो भी 25 दिसंबर से 10 शहरों से कनेक्टिविटी जोड़ेगी। इसमें दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, नॉर्थ गोवा (मोपा), जयपुर, नागपुर, कोच्चि और मंगलुरु शामिल है। एयर इंडिया एक्सप्रेस भी साल के अंत तक ऑपरेशंस शुरू करेगी।

## आंध्र प्रदेश में 1 लाख करोड़ निवेश करेगा अडाणी ग्रुप:असम में भी 63,000 करोड़ के इन्वेस्टमेंट का ऐलान




24 न्यूज अपडेट

अडाणी ग्रुप ने आंध्र प्रदेश में अगले 10 साल में 1 लाख करोड़ रुपए निवेश करने का ऐलान किया है। यह निवेश पोर्ट्स, सीमेंट, डेटा सेंटर्स, एनर्जी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में होगा।


ग्रुप राज्य में पहले से ही 40,000 करोड़ निवेश कर चुका है। आंध्र प्रदेश इन्वेस्टर समिट में करण अडाणी ने $15 बिलियन के विजाग टेक पार्क का विजन पेश किया।

ये गूगल के साथ पार्टनरशिप में ग्रीन एनर्जी से चलने वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर इकोसिस्टम होगा। वहीं, असम में भी अडाणी पावर और अडाणी ग्रीन 63,000 करोड़ इन्वेस्ट करेगा।

### आंध्र प्रदेश में निवेश का प्लान

अडाणी ग्रुप आंध्र प्रदेश को भारत के अगले दशक के ट्रांसफॉर्मेशन का लॉन्चपैड बनाने का दावा कर रहा है। यह निवेश मौजूदा 40,000 करोड़ के अलावा है, जो पोर्ट्स, लॉजिस्टिक्स, सीमेंट, इंफ्रा और रिन्यूएबल एनर्जी में गया। ग्रुप के मौजूदा ऑपरेशंस से राज्य में 1 लाख से ज्यादा डायरेक्ट और इंडायरेक्ट जॉब्स पैदा हो चुके हैं।

## इस हफ्ते सोना 4,694 महंगा होकर 1.25 लाख पहुंचा:चांदी 11,092 महंगी हुई; 2025 में गोल्ड 48,632 और सिल्वर 73,350 चढ़े



24 न्यूज अपडेट

सोना-चांदी के दाम में बीते तीन हफ्ते लगातार गिरावट के बाद चौथे हफ्ते बड़ी तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 07 नवंबर को सोना 1,20,100 प्रति 10 ग्राम पर था, जो 14 नवंबर तक 4,694 रुपए बढ़कर 1,24,794 रुपए पर पहुंच गया। 17 अक्टूबर को सोना 1,30,874 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था, यह उसकी सबसे महंगी कीमत है।

इस हफ्ते चांदी में भी बड़ी बढ़त रही। पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन (07 नवंबर) 1 किलोग्राम चांदी की कीमत 1,48,275 रुपए थी, जो इस हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 14 नवंबर तक 11,092 रुपए बढ़कर 1,59,367 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। इससे पहले 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 पर पहुंच गई थी, जो इसकी सबसे ऊंची कीमत है।

## संपादकीय : नतीजों का संदेश

बिहार में विधानसभा के लिए हुए चुनावों के नतीजे निश्चित तौर पर वहां की जनता का फै सला है, लेकिन हार-जीत के जैसे आंकड़े सामने आए, उसकी उम्मीद कम से कम वहां के विपक्षी दलों को बिल्कुल नहीं रही होगी। दो चरणों में हुए मतदान के बाद शुक्रवार को हुई मतगणना में न केवल सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारी जीत मिली, बल्कि ऐसा लगता है कि चुनावी मैदान में मुकाबला एकतरफा था। हालांकि प्रचार के दौरान विपक्षी महागठबंधन को जैसा समर्थन मिलता दिखा था, उससे यही लगा कि चुनावी मुकाबला एकतरफा साबित नहीं होने वाला है और राजद-कांग्रेस तथा अन्य सहयोगी दलों का महागठबंधन चुनाव में राजग को एक मजबूत चुनौती देने वाला है। मगर अब आए नतीजों से यह साफ है कि बिहार के चुनावी मैदान में मतदाताओं को आकर्षित करने और उनका मत हासिल करने के मामले में सत्ताधारी गठबंधन के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं थी। दूसरी ओर, विपक्ष की राजनीति और विधानसभा चुनावों में जीत के लिए किए गए प्रयासों के लिहाज से देखें तो वे नतीजे उनके लिए अप्रत्याशित हैं, क्योंकि प्रचार के दौरान सभाओं और रैलियों में उन्हें लोगों का जैसा व्यापक समर्थन मिलता दिखा था, वह शायद वोट में तब्दील नहीं हो सका। सवाल है कि विपक्ष की राजनीति के महारथी जनता के बीच दिखने वाले समर्थन के बरक्स जमीनी हकीकत का अंदाजा लगाने में नाकाम क्यों हुए! माना जा रहा है कि राज्य मतदाताओं के सामने अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से जो कुछ तात्कालिक लाभ के मुद्दे सामने रखे गए, लोगों ने उसी में से चुनाव के लिए अपनी प्राथमिकता तय की। मसलन, एक ओर बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव से ठीक पहले बड़ी संख्या में महिलाओं के खाते में तत्काल दस हजार रुपए भेजने की व्यवस्था की, तो दूसरी ओर, महागठबंधन ने हर परिवार के लिए सरकारी नौकरी सहित कई अन्य वादे किए। ऐसा लगता है कि राज्य के लोगों की राय पर भविष्य के लिए किए गए वादों के बजाय महिलाओं को तुरंत मिली आर्थिक राहत का मुद्दा ज्यादा भारी पड़ा और उसने चुनाव में मतदान के रुख को तय करने में एक प्रमुख कारक के रूप में काम किया। राजद और उसके सहयोगी दल शायद जनता को यह भरोसा दिला पाने में कामयाब नहीं हो सके कि सरकार बनने पर उनके वादे वास्तव में जमीन पर उतर सकेंगे। इसके अलावा, बिहार में इस बार मतदान का जैसा आंकड़ा सामने आया, वह भी चौंकाने वाला था। जब दोनों चरणों में लगभग सड़सठ फीसद वोट पड़े, तब स्वाभाविक रूप से ऐसे आकलन सामने आने लगे कि इतना मतदान फीसद आमतौर पर सत्ता विरोधी लहर का संकेत देते हैं। मगर अब जैसे नतीजे सामने आए हैं, उसमें ज्यादा मत पड़ने के साथ जुड़ी सत्ता विरोधी लहर की धारणा एक तरह से खारिज होती दिखी। अब बिहार के मतदाताओं ने एक बार फिर से राजग सरकार के कामकाज और उससे पैदा उम्मीदों को अपना भारी समर्थन दिया है, वहीं विपक्षी दलों और खासतौर पर राजद के सामने आने वाले दिनों में अपनी पार्टी के मजबूत दखल को बचा पाने तक की चुनौती सामने होगी। मगर उम्मीद की जानी चाहिए कि स्पष्ट बहुमत के साथ बनने वाली सरकार के कामकाज आम जनता के व्यापक हित को ध्यान में रख कर संचालित होंगे और राजनीतिक मोर्चे पर राज्य में लोकतंत्र का जीवन पहले से ज्यादा बेहतर होगा।

## भविष्य से खिलवाड़

भारत में कुशल पेशेवर विदेश में नौकरी तलाशने को प्राथमिकता देते हैं। अच्छा वेतन पाने की ख्वाहिश उन्हें विदेश खींच ले जाती है। इस मामले में अमेरिका भले ही भारतीयों की पहली पसंद है, मगर अब वहां ठिकाना बनाना आसान नहीं रह गया है। अमेरिका ने इस साल सितंबर में पहले एच-1बी वीजा पर शुल्क कई गुना बढ़ा दिया और अब नई नीति तैयार की गई है, जिसके तहत किसी भी देश से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की नौकरी वहां के कर्मियों को प्रशिक्षित करने तक ही सीमित रहेगी. इसके बाद उन्हें स्वदेश वापस भेज दिया जाएगा। यानी अमेरिका अब विदेशी प्रतिभाओं का इस्तेमाल केवल अपने कर्मियों का हित साधने तक ही करेगा। गौरतलब है कि अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने गुरुवार को कहा कि एच-1बी वीजा के तहत कुशल विदेशी पेशेवरों को लाने का मकसद अमेरिकी कर्मियों को उस कौशल में प्रशिक्षित करना है, जो उनके पास नहीं है। प्रशिक्षण में तीन से सात साल लगेंगे, इसके बाद वे स्वदेश लौट जाएंगे। इससे स्पष्ट है कि भारत समेत अन्य देशों के लोग अब अमेरिका में स्थायी तौर पर नौकरी नहीं कर पाएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश को फिर से महान बनाने का दावा करते रहे हैं। उनका कहना है कि विदेशी पेशेवरों के बड़ी संख्या में आने से वहां के नागरिकों का रोजगार छिन रहा है। इसी क्रम में उन्होंने अमेरिकी कंपनियों पर अपनी विनिर्माण इकाइयों को अन्य देशों से स्वदेश वापस लाने का दबाव भी बनाया था। अमेरिका ने एच-1बी वीजा का शुल्क भी इसलिए बढ़ावा है, ताकि इसकी पहुंच केवल उच्च कौशल वाले विदेशियों तक ही सीमित रहे । हाल की एक रपट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में दो लाख से ज्यादा भारतीयों ने एच1-बी वीजा हासिल किया था। वर्ष 2020 से 2023 के बीच कुल स्वीकृत वीजा में 73.7 फीसद भारतीयों को मिले थे। खासकर भारतीय आइटी कंपनियां अमेरिकी बाजार पर सबसे ज्यादा निर्भर हैं। ऐसे में सवाल है कि एच1-बी वीजा को लेकर अमेरिका की नई नीति का लक्ष्य क्या विदेशी प्रतिभाओं को सिर्फ अपने फायदे भर के लिए इस्तेमाल करने जैसा नहीं है? इसे विदेशी पेशेवरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं तो और क्या कहा जाएगा ?

# यूडीए का बंपर ऑफर-सेटिंग करो, पुलिया की दीवार तोड़ो!!

## आयुक्त साहब!! गूगल मैप के भरोसे कब तक चलाओगे उदयपुर!!






**24 न्यूज अपडेट**

अगर आपका प्लॉट या मकान उदयपुर में आयड़ नदी की किसी पुलिया के पास है तो आपके लिए यूडीए का बंपर ऑफर है। पुलिया की दीवार को तोड़ दो। क्षतिग्रस्त कर दो। नामो निशान मिटा दो। हम कुछ भी नहीं कहेंगे। झांक कर नहीं देखेंगे। पुलिया की दीवार को तोड़ने के बाद ना तो कोई कार्रवाई होगी, ना ही कोई नोटिस मिलेगा। किसी नेता का फोन करवा दिया तो अफसर डर के मारे कांपने लग जाएंगे। उस तरफ झांक कर भी नहीं देखेंगे। ये देखिये उदयपुर में आयड़ नदी की इस पुलिया पर क्या हो रहा है। एफसीआई गोदाम के आगे वाली आयड़ की इस नई पुलिया पर एक व्यक्ति ऐसे व्यक्ति ने दीवार तोड़ कर दरवाजा निकाल दिया है जिससे यूडीए के अफसर थर-थर कांपते हैं। वैसे तो आजकल यूडीए की साख लोगों में बची ही नहीं है मगर ये कांपने वाले अफसर यूडीए की बची हुई साख को भी बट्टा लगाते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में देखिये, साफ तौर पर दिख रहा है कि यूडीए ने जनता के टेक्स के पैसों से कितनी शानदार पुलिया बनाई है। दोनों तरफ पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए भी शानदार रास्ता बनाया है। लेकिन यहां पर अचानक रातों रात एक प्लॉट मालिक ने पुलिया की ही दीवार को तोड़ कर रास्ता निकाल लिया है। तस्वीरों में आप साफ देख सकते हैं कि किसी तरह से दीवार को बीच में तोड़ दिया गया है व दाएं बाएं दीवार बनी हुई है। इस बारे में खबर दिखाए जाने और अधिकारियों तक सूचना पहुंचाने के बाद भी यूडीए के अफसर अब तक कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि यूडीए कमिश्नर साहब पर यहां कार्रवाई नहीं करने का भारी दबाव है। यूडीए आयुक्त जो राजनेताओं के एक इशारे पर बलीचा में बरसों से बसे लोगों के मकान गिरा सकते हैं वे यहां पर कार्रवाई करने का साहस आखिर क्यों नहीं जुटा पा रहे हैं। हम सवाल पूछ रहे हैं कि उदयपुर का यूडीए आखिर कब तक गूगल मैप के सहारे चलता रहेगा। कब तक बहाने बाजी करता रहेगा। यदि कार्रवाई नियमानुसार नहीं हो सकती है तो यूडीए अफसर लोगों को बता दें कि यह उनके बूते की बात ही नहीं है। यहां बात केवल अतिक्रमण की ही नहीं बल्कि पुलिया की सुरक्षा की भी है। पुलिया बनाने वाले क्या महामूर्ख थे जो उन्होंने पुलिया के दोनों तरफ इतनी लंबी दीवारें बनाई। साफ दिख रहा है उनका मकसद रोड सेफ्टी के नियमों की अनुपालना करना था। अब पुलिया की दीवार तोड़कर रास्ता बनाने से नया एक्सीडेंटल जोन भी बन गया है। सेक्टर तीन से ढलाने में आते तेज गति से आते वाहन यहां पर कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकते है। याने जिला कलेक्टर को भी तुरंत संज्ञान में लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि बाद में पछताना पड़ जाए कि खबर दिखने के बाद भी भयंकर हादसे आखिर कैसे हो गए??? वैसे तो प्रशासन कभी अपनी गलती नहीं मानता और वो सब करके रहता है जो उसको करना होता है मगर फिर भी कभी-कभी छोटी सी बात की अनदेखी बाद में अधिकारियों के पूरे कॅरियर पर भारी पड़ जाती है। अगर इस डेंजर जोन को नहीं सुधारा तो बाद में पछतावे के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लगेगा।

# दीपावली पर उदयपुर में पर्यटन का धमाकाः 35% ज्यादा पर्यटकों के साथ नया रिकॉर्ड, उदयपुर फिर बना फेवरेट डेस्टिनेशन

**24 न्यूज अपडेट**

इस बार दीपावली पर देश और दुनिया से आए पर्यटकों ने अक्टूबर में नया इतिहास बना दिया। पिछले साल की तुलना में इस बार 35 प्रतिशत ज्यादा घरेलू पर्यटकों ने झीलों की इस खूबसूरत नगरी का रूख किया। पर्यटन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 2024 के अक्टूबर में जहां करीब डेढ़ लाख पर्यटक आए थे, वहीं इस बार अक्टूबर 2025 में यह संख्या बढ़कर दो लाख तैंतीस हजार तक पहुंच गई। यह बढ़ोतरी दिवाली सीजन को अब तक के सबसे शानदार समयों में शामिल कर रही है। शहर



के हर पर्यटन स्थल पर जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। पिछोला झील हो या फतेहसागर, सिटी पैलेस हो या गणगौर घाट या फिर सहेलियों की बाड़ी। दिवाली की जगमग रोशनी और झीलों की चमक ने लोगों को मुग्ध कर दिया। होटल और रिसॉर्ट्स लगभग फुल बुक रहे। पर्यटकों ने यहां के दिलकश नजारों का जमकर आनंद लिया। पर्यटन से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि दिवाली की ये शानदार शुरुआत आने वाले विवाह सीजन, क्रिसमस, न्यू ईयर, और विंटर वेकेशंस में भी भारी पर्यटक आगमन का संकेत दे रही है। उदयपुर ने एक बार फिर साबित किया है कि कि वह सिर्फ राजस्थान की नहीं, बल्कि पूरे देश की फेवरेट फेस्टिव डेस्टिनेशन बन चुका है। लेकसिटी की खूबसूरती उसकी संस्कृति और उसकी झीलों का मोह, हर बार पर्यटकों को अपना दीवाना बना देता है।

# महावीर इंटरनेशनल उदयपुर ने बालिका विद्यालय में विविध सेवा कार्यक्रम आयोजित किए





**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 15 नवम्बर। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र की ओर से दिगंबर जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, खेराड़ीवाड़ा में सेवा और जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया।

संस्था के अध्यक्ष वीर रविंद्र सुराणा ने बताया कि संगठन अपने नए संकल्प "सेवा से संतुष्टि की ओर" को आत्मसात करते हुए निरंतर समाज हित में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत हुई, जिसमें छात्राओं ने "मां का महत्व" विषय पर प्रभावशाली एवं भावनात्मक अभिभाषण प्रस्तुत किए। छात्राओं ने मां को त्याग, प्रेम और ममता का प्रतीक बताते हुए जीवन में उसकी केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया। विजेता प्रतिभागियों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सौ से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग में नेहल पालीवाल, ज़बी ज़हरा और नेंसी सुथार तथा कनिष्ठ वर्ग में समीक्षा तंबोली, दिक्षा मीणा और योगिता सालवी उत्कृष्ट प्रतिभागी रहे। पोस्टर चयन का दायित्व शीलू सुराणा सहित समिति की महिला सदस्यों ने निभाया। संस्था के गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत "झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो" अभियान के तहत कक्षा 9 से 12 तक की सभी छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बाल दिवस को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए वर्धमान मेहता के सौजन्य से 650 से अधिक बिस्कुट पैकेट बालिकाओं को वितरित किए गए।

इसके साथ ही स्व. जसवंत कोठारी की जन्मतिथि पर वीरा पुष्पा कोठारी द्वारा मानव सेवा समिति में 218 तीरंदारों को स्नेहपूर्वक भोजन परोसकर सेवा धर्म निभाया गया। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष वीरा डॉ. हंसा हिंगड़ ने बालिकाओं को प्रेरक संदेश देते हुए जीवन में माता-पिता और गुरुजनों के प्रति समर्पण को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में केंद्र अध्यक्ष वीर रविंद्र सुराणा, सचिव वीर सुरेश बड़ीवाल, विद्यालय प्राचार्या कला करणपुरिया सहित संगठन के पदाधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष वीर रविंद्र सुराणा, सचिव वीर सुरेश बड़ीवाल, ज़ोन अध्यक्ष वीरा डॉ. हंसा हिंगड़, वीरा स्वराज जैन, वीरा शरद बेनीवाल, वीरा शीलू सुराणा, वीर दिलीप सुराणा, वीरा सुनीता सुराणा, वीर राजेंद्र सुराणा, वीरा उषा सुराणा, विद्यालय प्राचार्या श्रीमती कला करणपुरिया, विद्यालय स्टाफ, वीर ध्रुव प्रकाश धाकड़, वीरा पुष्पा कोठारी एवं उर्वशी सिंघवी उपस्थित रहे। सभी वीर एवं वीराओं का इस अवसर पर सहयोग एवं उपस्थिति के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया अपना दमखम



**24 न्यूज अपडेट**

सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन उदयपुर की बैठक निर्मला जायसवाल की अध्यक्षता में गोवर्धन सागर स्थित पन्नाधाय रेस्टोरेंट में रखी गई । बैठक का आयोजन रीना टाक, मधु टाक ,रितिका टाक, तृप्ति टाक, मोनिका टाक एवं कविता टाक ने किया। बैठक में में आगामी वर्ष की कार्य योजना पर चर्चा की गई। बैठक में शान्ता नागर, पूर्व अध्यक्ष धारावती सुहालका, प्रमिला टाक, स्मारिका माहुर , तृप्ति टाक ने अपने विचार रखें ।

अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें साउथ इंडियन थीम के अंतर्गत प्रमिला टाक, हेमा चौधरी ,एवं मीनाक्षी चौधरी विजेता रही। इसके साथ ही खेल प्रतियोगिता में कमला सुहालका व स्मारिका माहुर प्रथम रही। किरण सुहालका व रचना सुहालका द्वितीय रही।

डॉ श्वेता चौधरी को पीएचडी की उपाधि मिलने के स्वागत व अभिनंदन किया गया।

# तीन दिवसीय पंच कर्म चिकित्सा शिविर सोमवार से निःशुल्क बी एम डी जांच भी

**24 न्यूज अपडेट**

आयुष्मान आरोग्य मन्दिर राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय मावली झंडू फार्मास्युटिकल लिमिटेड एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से द्वितीय तीन दिवसीय पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमवार 17 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है।शिविर में प्रथम दिन सोमवार को झंडू फार्मास्युटिकल लिमिटेड के सहयोग से सचिन शर्मा द्वारा निःशुल्क बी एम डी जांच की जाएगी। बी एम डी जांच द्वारा अस्थियों में मिनरल घनत्व का पता लगाया जाता है। जिनकी कमी से हड्डियों के फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है साथ ही संधियों में घुटने कमर रीढ़ एवं अन्य संधियों में दर्द रहता है। इस जांच का बाजार मूल्य डेढ़ से दो हजार रुपए है।जो कि सोमवार को मुफ्त की जाएगी। 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं एवं 40 वर्ष से अधिक विशेषतः वृद्धों को अवश्य जांच करानी चाहिए। सीमित जांच सुविधा होने से रजिस्ट्रेशन कराने का कष्ट करे। साथ ही पंचकर्म विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा विभिन्न प्रकार की जीर्ण व्याधियों संधि शूल कटी शूल सियाटिका पृष्ठ शूल स्कंध शूल फ्रोजन शोल्डर कोन आदि विभिन्न रोगों की जांच कर उचित उपचार भी किया जाएगा। शिविर समय प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक रहेगा।

# आदिवासियों ने हमारी प्रकृति व संस्कृति को सहेजा: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती अवसर पर गुरुवार को डूंगरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जनजाति गौरव दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आदिवासियों ने सदियों से प्रकृति और संस्कृति को संरक्षित रखा है। जल, जंगल और जमीन के संतुलन से उन्होंने दुनिया को सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाया है। सरकार जनजाति परंपराओं को सहेजते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने भारत माता, भगवान बिरसा मुंडा, संत गोविंद गुरु और वीर बाला काली बाई के जयकारों के साथ समारोह की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जनजाति महापुरुषों के बलिदान और संघर्ष की वजह से आज हमारी प्रकृति व संस्कृति अपनी मूल पहचान में सुरक्षित है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र-निर्माण में योगदान को भी याद किया।

प्रदर्शनी का अवलोकन, महिला समूहों को चेक, दिव्यांगों को व्हीलचेयर सीएम शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर लगी जनजाति गौरव एवं विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने राजीविका महिला समूहों को 31 करोड़ रुपये के ऋण के चेक वितरित किए। लाड़ो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संकल्प पत्र प्रदान किए और तीन महिलाओं की गोद भराई की रस्म निभाई गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 19 दिव्यांगजन को मस्कुलर डिस्ट्रॉफी व्हीलचेयर तथा 40 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

### ढोल–ताशों पर गैर नृत्य का लुत्फ, तीरंदाजों की प्रतिभा की सराहना

प्रदर्शनी स्थल पर मुख्यमंत्री ने ढोल–ताशों की थाप पर आदिवासी गैर नृत्य का आनंद लिया और स्वयं भी डंडे के साथ गैर नृत्य में शामिल हुए। स्थानीय तीरंदाजों द्वारा प्रदर्शित कौशल की उन्होंने प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने रिमोट से जनजाति क्षेत्र के लिए 87 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें 25 करोड़ के 31 कार्यों का लोकार्पण तथा 62 करोड़ के 31 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। जनजाति युवाओं के लिए जयपुर में आवासीय बैच, निशुल्क कौशल प्रशिक्षण, तथा उदयपुर–डूंगरपुर–बांसवाड़ा में RECIT कोर्स शुरू किए गए। जनजाति छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए 4.08 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी से ट्रांसफर की गई। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में 53,766 लाभार्थियों को 200 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई।

### मेधावी छात्र, किसान एवं महिला उद्यमियों का सम्मान

समारोह में बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों—जयदीप डामोर, सुमन मीणा, अंजलि कलासुआ, करिश्मा कुमारी, वैशाली डामोर, हर्षित मईडा, कीर्ति रोत, गीतिका रोत और भैराराम—को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कृषि, कला–संस्कृति, महिला उद्यमिता और खेल क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए शंकर मीणा, कमलदास भील, कुली पारगी, मंजू मीणा और मीरा डोंजा को भी सम्मानित किया गया।

# नदबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 20,000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार, षड्यंत्रपूर्वक हत्या के प्रयास में तीन माह से चल रहा था फरार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 15 नवम्बर। भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द के निर्देशानुसार चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना नदबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या के प्रयास और घर में घुसकर मारपीट कर हत्या के प्रयास के मामले में पिछले तीन माह से फरार चल रहे 20,000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी दिगंत आनन्द ने बताया कि गिरफ्तार किए गए इनामी बदमाश की पहचान सतवीर सिंह उर्फ पटेल उर्फ वीर फौजदार (25) पुत्र लीलापत निवासी नगला मोती थाना कुम्हेर जिला डीग के रूप में हुई है। सतवीर सिंह थाना नदबई में दर्ज प्रकरण में वांछित था, जिसमें उस पर एकराय होकर घर में घुसकर पीड़ित और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज, लाठी-डंडों से गंभीर मारपीट करने और जान से मारने का प्रयास करने का आरोप है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उच्चैन रामगोपाल मीना और सीओ नदबई अमरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में थानाधिकारी अरुण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस गठित टीम के अथक प्रयासों से ही शुक्रवार 14 नवम्बर को वांछित आरोपी सतवीर सिंह उर्फ वीर फौजदार को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

गिरफ्तार किए गए इनामी अभियुक्त सतवीर सिंह से मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर गहनता से अनुसंधान जारी है।

# अन्ता पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया धाकड़खेड़ी हत्याकांड: मामूली कहासुनी में खूनी वारदात, कलयुगी नाबालिग बेटे ने ही चाकुओं से गोदकर की थी पिता की हत्या

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 15 नवंबर। बारां जिले के अन्ता थाना क्षेत्र के ग्राम धाकड़खेड़ी में शुक्रवार को एक सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई। बारां पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि माताजी की पुलिया के पास एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई की रिपोर्ट के आधार पर थाना अन्ता पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

एसपी अंदासु ने बताया कि घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व वृताधिकारी सोजी लाल मीणा के निर्देशन और थानाधिकारी भूपेश शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तेजी से जांच करते हुए महज 24 घंटे के भीतर ही इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया।

### कलयुगी बेटे ने दिया वारदात को अंजाम

पुलिस अनुसंधान में पता चला कि हत्या की इस जघन्य वारदात को मृतक के नाबालिग बेटे ने ही अंजाम दिया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मामूली कहासुनी होने पर नाबालिग ने अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

गठित विशेष टीम ने अथक प्रयास करते हुए शनिवार 15 नवम्बर को हत्या के बाल अपचारी को निरुद्ध कर लिया है। निरुद्ध किए गए बालक को अब किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा और मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी भूपेश शर्मा के साथ एएसआई रामावतार, कांस्टेबल हरवीर और विशेष भूमिका निभाने वाले थाना अन्ता के कांस्टेबल वीरेन्द्र तथा थाना सांगोद के कांस्टेबल सोनू शामिल थे।

# 48 घंटे में पुलिस ने देखे 200 सीसीटीवी कैमरे: दिन-दहाड़े लूट के प्रयास का खुलासा, मास्टरमाइंड नौकरानी और 3 आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर. प्रतापनगर थाना पुलिस ने चोरी व लूट की नीयत से दिन-दहाड़े घर में घुसने की घटना का मात्र 48 घंटे में खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड नौकरानी सहित दो युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर श्री योगेश गोयल के निर्देश पर तत्काल कार्यवाही के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री उमेश ओझा और वृताधिकारी नगर पूर्व श्री छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में हुई। दिनांक 12 नवंबर, 2025 को श्री मितेश गोलच्छा, पिता श्री कमल किशोर गोलच्छा, निवासी बी-39 उदयविहार कॉलोनी, प्रतापनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो नकाबपोश दिन-दहाड़े उनके घर में घुसकर उनकी माताजी पर हमला करने का प्रयास किया और चाकू की धमकी देते हुए वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। इस दौरान घर में केवल उनकी माताजी और काम करने वाली बाई उपस्थित थीं। माताजी की चिल्लाने पर दोनों नकाबपोश भाग निकले। घर के सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि आरोपी बाइक से आए थे, जिसमें से दो अंदर गए और एक बाहर खड़ा था। घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल और आसपास के लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की जांच की, आसूचना का संकलन किया, तकनीकी विश्लेषण किया और संदिग्धों से पूछताछ की। जांच के दौरान पता चला कि प्रार्थी के घर पर काम करने वाली नौकरानी रेखा मेघवाल का भाई कमलेश लूट के पूर्व मामलों में चालानशुदा है। इसके आधार पर नौकरानी से पूछताछ की गई। पुलिस टीम ने अभियुक्त प्रदीप परदेशी उर्फ प्रेक्षु, पुत्र ओमप्रकाश परदेशी, उम्र 19 वर्ष, निवासी आजाद नगर कच्ची बस्ती सेक्टर 03, हिरणमगरी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना स्वीकार करते हुए बताया कि कमलेश की बहन रेखा और उसकी महिला मित्र रितिका ने मकान से नकदी और गहने चोरी करने की योजना बनाई थी। उन्होंने लोकेश, कमलेश और प्रदीप को इस योजना में शामिल किया। योजना के अनुसार मकान मालिक के घर से बाहर जाने पर रेखा ने रितिका को सूचना दी और रितिका के बताए अनुसार तीनों ने वारदात को अंजाम दिया।

### गिरफ्तार अभियुक्त:

प्रदीप परदेशी उर्फ प्रेक्षु, पुत्र ओमप्रकाश परदेशी, उम्र 19 वर्ष, निवासी आजाद नगर कच्ची बस्ती सेक्टर 03, हिरणमगरी, उदयपुर। रितिका विग, पुत्री संजय विग, उम्र 22 वर्ष, निवासी अरिहंत कॉलोनी, पुरोहितों की माड़डी रोड नं.3, प्रतापनगर, उदयपुर। रेखा मेघवाल, पत्नी रोशन, उम्र 28 वर्ष, निवासी अरिहंत कॉलोनी, पुरोहितों की माड़डी रोड नं.1, प्रतापनगर, उदयपुर।

### टीम प्रभारी एवं सदस्य:

श्री राजेन्द्र सिंह चारण, थानाधिकारीप्रतापनगर
श्री अशोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक
श्री सुनिल बिश्नोई, स.उ.नि.
श्री उम्मेद राम, हैडकांस्टेबल
श्री अखिलेश्वर, हैडकांस्टेबल
श्री बनवारी, कांस्टेबल
श्री शकंरलाल, कांस्टेबल

# अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़: 909 बीयर केन बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर. डीएसटी और सविना थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान में जिले में अवैध शराब की तस्करी पर बड़ा हमला किया है। सूचना के आधार पर मौजा बिलिया, गुप्तेश्वर महादेव रोड स्थित एक किराए के गोदाम में दबिश देते हुए पुलिस ने किंगफिशर सुपर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बीयर 500 एमएल की 43 केन और टुबोर्ग प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बीयर 500 एमएल की 866 केन, कुल 909 बीयर केन, शराब पैकिंग सामग्री और परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त की। इस कार्रवाई में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर श्री योगेश गोयल के निर्देश पर यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उदयपुर श्री उमेश ओझा और वृताधिकारी नगर पूर्व श्री छगन पुरोहित के सुपरविजन में चलाया गया। गिरफ्तार आरोपी हैं जितेंद्र खटीक, पिता मदनलाल खटीक, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम डांगड़ी, थाना रायपुर, जिला भीलवाड़ा, और रतन सिंह, पिता करम सिंह, उम्र 23 वर्ष, निवासी गोधाजी का गांव, थाना भीम, जिला राजसमंद। आरोपियों ने खाली ड्रम बेचने के कारोबार की आड़ में बीयर के केन ड्रमों में भरकर वेल्डिंग मशीन से सील करते थे और बड़े ट्रक में नीचे शराब भरे ड्रम और ऊपर खाली ड्रम रखकर तस्करी करते थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण संख्या 438/2025, धारा 19/54 और 19/54 (डी) राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। प्रकरण में आगे की जांच जारी है और पुलिस अन्य संभावित सहयोगियों की भी तलाश कर रही है। थानाधिकारी सविना श्री अजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम में शामिल रहे: श्री नवीन कुमार (स.उ.नि.), श्री अरविंद कुमार (हेडकां. 871), श्री जितेंद्र सिंह (हेडकां. 2764), श्री विक्रम सिंह (कांस्टेबल 1959), श्री सतपाल सिंह (कांस्टेबल 896), श्री शिवलाल (कांस्टेबल 2495), श्री नाथू सिंह (कांस्टेबल 1039)। डीएसटी टीम में शामिल थे: श्री विक्रम सिंह (स.उ.नि.), श्री शक्ति सिंह (कां.), श्री जितेंद्र दीक्षित (कां.), श्री कमलेश कुमार (कां.), श्री सुमेर (कां.), श्री कृष्ण कुमार (कां., चालक)।

# चलती ट्रेन में गुटखा थूकने पर बवाल: पीछे से लात मारकर युवक को धक्का, नीचे गिरकर गंभीर घायल



**24 न्यूज अपडेट**

अलवर। दिल्ली से रायबरेली जा रही सुपरफास्ट ट्रेन में शुक्रवार रात खैरथल रेलवे स्टेशन से आगे एक युवक को गुटखा थूकना भारी पड़ गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक अन्य यात्री ने उसे पीछे से लात मार दी, जिससे वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। युवक को गंभीर हालत में अलवर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुटखा थूकने पर विवाद हुआ तेज जानकारी के मुताबिक, रायबरेली जिले के मूर्तजा नगर निवासी विजय सरोज (22) दिल्ली से जयपुर–रायबरेली सुपर एक्सप्रेस में सफर कर रहा था। खैरथल स्टेशन के पास वह ट्रेन के गेट पर खड़ा होकर बार-बार गुटखा थूक रहा था। थूक के छींटे पास में खड़े तीन युवकों पर लग गए, जिसके बाद कहा-सुनी शुरू हुई। इसी दौरान एक युवक ने विजय को पीछे से लात मार दी, जिससे वह ट्रेन से नीचे जा गिरा। गंभीर हालत में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी गिरने से विजय के सिर में गंभीर चोट आई। उसे पहले खैरथल और फिर अलवर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल युवक वेल्डिंग का काम करता है। घटना ने चलती ट्रेन में सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों के व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज के साथ यात्रियों से पूछताछ की जा रही है।

# उदयपुर की लेक्रोज प्रतिभा मीरा दौजा जनजाति गौरव से सम्मानित

**24 न्यूज अपडेट**



उदयपुर, 15 नवम्बर। भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर डूंगरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर माणस,झाड़ोल उदयपुर की अंतरराष्ट्रीय लेक्रोस खिलाड़ी मीरा दौजा को खेल के क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धि हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनजाति गौरव से सम्मानित किया। मीरा दौजा ने समरकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित हुए एशियन लेक्रोज गेम्स में अपने उत्कृष्ट कौशल से भारत को रजत पदक जीताने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था ।

मुख्यमंत्री ने डूंगरपुर में राज्य स्तरीय समारोह में किया सम्मानित

# रन फॉर यूनिटी में बड़ा बवाल: श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी कलेक्टर व ADM पर फटे, मौके पर तू-तू मैं-मैं का वीडियो वायरल



**24 न्यूज अपडेट**

श्रीगंगानगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान बड़ा विवाद सामने आया, जब विधायक जयदीप बिहाणी कलेक्टर डॉ. मंजू और एडीएम सुभाषचंद्र पर भड़क गए। कार्यक्रम सुबह 10:15 बजे निर्धारित था, लेकिन विधायक 10:35 पर पहुंचे और दावा किया कि कोई वरिष्ठ अधिकारी वहां मौजूद नहीं था। इसी दौरान एडीएम के साथ उनकी तीखी बहस हो गई, जब एडीएम ने कहा कि वे यहां से परेशान हैं और ट्रांसफर चाहते हैं। यह सुनकर विधायक ने उन्हें "घर जाओ" कहते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विवाद बढ़ने पर कलेक्टर पहुंचीं और स्थिति संभालने का प्रयास किया, लेकिन विधायक ने प्रोटोकॉल के पालन और उनके व्यवहार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही और अधिकारियों की "अहम" की वजह से राष्ट्रीय कार्यक्रम का अपमान हुआ है। बिहाणी ने मीडिया से कहा कि वे "सड़क छाप राजनीतिज्ञ" नहीं हैं और जनता के लिए ही आवाज उठाते हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन उनके और कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार नहीं करता। विधायक का दावा है कि एडीएम भी कलेक्टर से असंतुष्ट हैं और ट्रांसफर की बात इसी कारण उठी। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन "कांग्रेस के एजेंट" की तरह काम कर रहा है और सरकार को इस मामले में गंभीरता दिखानी होगी।

# रतनपुर बॉर्डर से मेवाड़ में प्रवेश करेंगे आचार्य महाश्रमण, 16 नवंबर को मेवाड़ सीमा में होगा मंगल प्रवेश, 20 को ऋषभदेव में भव्य स्वागत समारोह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 15 नवम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ अहमदाबाद चातुर्मास समाप्त कर मेवाड़ की ओर प्रस्थान कर चुके हैं। शुक्रवार को आचार्यश्री गड़ाधर से विहार करते हुए शामलाजी पहुंचे, जहां मार्ग में ग्रामीणों, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में श्रावक–श्राविकाओं ने श्रद्धाभिवादन किया। आचार्य महाश्रमण का प्रदेश में प्रवेश 16 नवंबर (शनिवार) को प्रातः रतनपुर बॉर्डर से होगा। मेवाड़ जैन श्वेतांबर तेरापंथी कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि राजस्थान सीमा पर एआईसीसी सदस्य दिनेश खोड़निया, स्वच्छ भारत मिशन के राजस्थान कोऑर्डिनेटर के.के. गुप्ता, तथा डूंगरपुर, उदयपुर, राजसमंद और भीलवाड़ा जिले के अनेक गणमान्य व्यक्तित्व आचार्यश्री का स्वागत करेंगे।

### "शक्ति और बुद्धि का सदुपयोग आत्म-विकास के लिए करें" - आचार्य महाश्रमण

शामलाजी में आयोजित अमृत देशना में आचार्यश्री ने कहा कि विषयासक्ति मन और शरीर दोनों को दुर्बल बना देती है। अनियंत्रित भोग-विलास मनुष्य को मार्गभ्रष्ट करता है। उन्होंने संदेश दिया कि— "श्रेष्ठ कार्यों के लिए स्वस्थ शरीर, दृढ़ मनोबल और शांत चित्त अत्यावश्यक हैं। शक्ति और साधनों का उपयोग विनाश में नहीं, बल्कि लोककल्याण और आत्म-विकास में होना चाहिए।"

### गुजरात में मंगल भावना समारोह

दो चातुर्मासों की पूर्णाहुति पर गुजरात में मंगल भावना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अरविंद संचेती, महावीर चावत, शंकरलाल पितलिया, अशोक सुकलेचा सहित अनेक पदाधिकारियों ने उद्गार व्यक्त किए। कस्तूरभाई लालभाई हॉस्पिटल, लक्ष्मीपुरा में नवस्थापित महाश्रमण इमेजिंग सेंटर का लोकार्पण भी आचार्यश्री के सान्निध्य में हुआ।

### साधु-संतों और विशिष्टजनों का सम्मान

कार्यक्रम में कृष्णा प्रणाली आश्रम के कमलेश महाराज, श्याम सुंदर महाराज, सोहम पुरी महाराज, अवधेशानंद महाराज एवं रणछोड़राय मंदिर के मनोज शुक्ला का सम्मान उपरना व स्मृति–चिन्ह से किया गया। मेवाड़ यात्रा संयोजक पंकज ओस्तवाल, निर्मल गोखरू, बलवंत रांका सहित अनेक पदाधिकारियों ने अभिनंदन कार्य संपादित किया। अंत में उपस्थित जनसमुदाय को मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया। आचार्यश्री की मार्ग सेवा में किशनलाल डागलिया, राजकुमार फत्तावत, पंकज ओस्तवाल, निर्मल गोखरू, बलवंत रांका, राकेश सूतरिया, नानालाल राठौड़, गौतम बाफना, केतन डूंगरवाल, दीपक सिंघवी सहित अनेक सेवाभावी उपस्थित रहे।

# इस्कॉन कोवे मंदिर में रविवार होगा विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन, "पधारो गौरांग" मंत्रोच्चार से गूंजेगा परिसर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्री गंधर्विका गोवर्धनधारी भक्ति वेदांत हिल्स, इस्कॉन कोवे मंदिर के नवनिर्माण स्थल पर दो दिवसीय आध्यात्मिक उत्सव शनिवार से आरंभ हो गया। मंदिर में स्थापित होने वाले श्री निताई–गौरांग प्रभु के भव्य उत्सव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य आयोजन आज रविवार, 16 नवम्बर को प्रातः 9:30 बजे से संपन्न होगा। देशभर से पहुंचे वैष्णव भक्त आज यज्ञ, प्रार्थना और मंत्रोच्चार के साथ "पधारो गौरांग" का आह्वान करेंगे। मुख्य अनुष्ठानों में विग्रह प्राण प्रतिष्ठा, महाभिषेक, 1008 भोग अर्पण, कथा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण शामिल रहेंगे। वास्तुयज्ञ एवं अधिवास सम्पन्न उत्सव के प्रथम दिवस शनिवार को मुंबई से पहुंचे इस्कॉन जोनल सेक्रेटरी देवकीनंदन प्रभु, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज, भक्ति पद्म स्वामी महाराज, गुडाकेश प्रभु सहित देशभर से आए संत–वैष्णवों की उपस्थिति में वास्तुदोष निवारण हेतु वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वास्तुयज्ञ सम्पन्न कराया गया। इसके बाद भगवान के विग्रह का फल, पुष्प, तैल एवं धान आदि में अधिवास कराया गया। पूरे समय "हरे कृष्ण–हरे राम" महामंत्र का लगातार कीर्तन चलता रहा।

उदयपुरवासियों को आमंत्रण प्रोजेक्ट डायरेक्टर मदन गोविंद प्रभु ने कहा कि यह उत्सव उदयपुर के आध्यात्मिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने सभी भक्तों एवं शहरवासियों से आग्रह किया कि वे सपरिवार पधारकर इस दिव्य और दुर्लभ आध्यात्मिक उत्सव के साक्षी बनें।

# इंटाली में सीताराम बालाजी कबड्डी अकैडमी सीजन-3 का शुभारंभ, छह टीमों ने लीग मुकाबलों में दिखाया दम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर । मावली उपखंड के इंटाली गांव में सीताराम बालाजी कबड्डी अकैडमी की ओर से आयोजित सीजन-3 कबड्डी लीग का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुई। समारोह के मुख्य अतिथि दिव्या एसोसिएट के निदेशक संपत रजक थे, जबकि पूर्व सरपंच कालूलाल पीपाड़ा, बालाजी गोधाम के सदस्य डॉ. ललित मेनारिया एवं हीरालाल पीपाड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के संयोजक कैलाश पीपाड़ा ने बताया कि इंटाली कबड्डी लीग का यह लगातार तीसरा सफल संस्करण है। इस बार प्रतियोगिता में कुल छह टीमों— श्री भेरुनाथ वस्त्र भंडार, मैफसी क्लब, 7 स्टार फ्रेंड्स क्लब, श्री सावलिया एवं महादेव कंस्ट्रक्शन, मेवाड़ वॉरियर्स तथा जांगिड़ पॉवर टूल्स एंड प्रजापति इलेक्ट्रिकल्स—ने भाग लिया है। प्रतियोगिता तीन दिनों तक 14 से 16 नवंबर तक चलेगी। मुख्य अतिथि संपत रजक ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजन नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, ऊर्जा, टीम भावना और आत्मविश्वास को विकसित करते हैं। रजक ने युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया। प्रतियोगिता के उद्घाटन दिन खिलाड़ियों ने उत्साह और कौशल का प्रदर्शन किया। गांव के खेल प्रेमियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# विधि महाविद्यालय में पोक्सो अधिनियम पर आधारित यथार्थपरक मॉक ट्रायल, छात्रों ने सीखी अदालत की बारीकियाँ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय में पोक्सो (बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम, 2012) पर आधारित एक अत्यंत शिक्षाप्रद और वास्तविक न्यायालयीन वातावरण प्रदान करने वाला मॉक ट्रायल आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक अदालत की कार्यप्रणाली—जैसे FIR वाचन, साक्ष्य प्रस्तुति, जिरह, बहस और निर्णय लेखन—का व्यावहारिक अनुभव कराना था। छात्रों ने अभियोजन और बचाव पक्ष की भूमिकाएँ निभाईं। मेडिकल और फॉरेंसिक रिपोर्ट से लेकर गवाहों की पेशी और जिरह तक, संपूर्ण कार्यवाही वास्तविक अदालत की तरह प्रस्तुत की गई। "राज्य बनाम कमलेश" केस पर आधारित इस ट्रायल में न्यायालय की भूमिका निभा रही छात्र पीठ—जिसकी अध्यक्षता चित्रा जोशी ने की—ने प्रस्तुत साक्ष्यों और बहसों के आधार पर आरोपी कमलेश को दोषी मानते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई। मॉक ट्रायल का संचालन ख्वाहिश पोखरना ने किया। इसमें विभिन्न भूमिकाएँ निभाने वाले छात्रों में जज चित्रा जोशी, सरकारी वकील भट्ट राम और हितेश जैन, बचाव पक्ष के वकील तमन्ना अंजुम और वर्षा व्यास शामिल रहे। गवाहों और अन्य न्यायालयीन पदों की भूमिकाएँ भी छात्रों ने उत्कृष्ट रूप से निभाईं। इस मॉक ट्रायल की तैयारी अतिथि संकाय सदस्य डॉ. पायल शर्मा, डॉ. सतीश मीणा और डॉ. भारत नाथ योगी के मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. आनंद पालीवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सेशन जज गोपाल बिजोरीवाल, एडिशनल एसपी उदयपुर उमेश ओझा और BCI सदस्य राव रतन सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्रों को मूट कोर्ट, कोर्ट क्राफ्ट, नए कानूनों के प्रभाव, तथा अधिवक्ताओं के जीवन में आने वाली चुनौतियों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने न्यायालयीन वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। अंत में डॉ. राजश्री चौधरी ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# सप्तशक्ति संगम में मातृशक्ति का सम्मान, संस्कार और संस्कृति पर केंद्रित रहा आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। विद्या निकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़गांव में 14 नवंबर को 'सप्तशक्ति संगम' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की भूमिका, भारतीय संस्कृति के मूल्य और समाज में महिलाओं के योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता श्रीमती रुचि श्रीमाली, मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला महेश्वरी और अध्यक्ष श्रीमती आशा लता द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती हेमलता दवे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि "स्त्री वह प्रेरक शक्ति है जो परिवार, समाज और राष्ट्र की चेतना को आकार देती है।" मुख्य वक्ता श्रीमती रुचि श्रीमाली ने मातृत्व की महिमा पर प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि माँ की शक्ति असीम होती है, और वही समाज की दिशा एवं संरक्षण की आधारशिला है। उन्होंने भारत माता, गायत्री माता, गंगा माता, वेद माता और तुलसी माता जैसे उदाहरणों के माध्यम से मातृशक्ति के विभिन्न स्वरूपों को समझाया। उन्होंने माँ जीजाबाई, अहिल्याबाई होल्कर व स्वामी विवेकानंद की घटनाओं से मातृशक्ति को प्रेरित किया। इसके बाद विद्यालय की छात्र बहनों ने महान ऐतिहासिक व प्रेरणादायी नारियों की वेशभूषा में आकर्षक मंच प्रस्तुतियाँ दीं तथा उनके जीवन मूल्यों से जुड़े स्लोगन प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला महेश्वरी ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "माता प्रथम गुरु और घर प्रथम विद्यालय होता है।" उन्होंने कुटुंब व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और बालक के समग्र विकास में माताओं की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने समाज व संगठन में महिलाओं की सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता भी बताई। कार्यक्रम के दौरान 'विशिष्ट माता सम्मान' भी प्रदान किया गया। प्रतिवादी सिंघवी, चंद्रावती पुंडीर और नगीना शर्मा को ओढ़णी व स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

माताओं के लिए भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें 250 से अधिक माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सही उत्तर देने वाली माताओं को मंच पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती हेमलता दवे ने माताओं को संस्कृति, शिक्षा, राष्ट्रहित और समाजहित के कार्यों में योगदान देने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रेमलता शर्मा ने किया। सप्तशक्ति संगम उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पूर्बिया समाज केंद्रीय महा परिषद का शपथ ग्रहण समारोह




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. पूर्बिया कलाल समाज केंद्रीय महा परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हाथी पोल स्थित नोहरे में रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर ईकाई अध्यक्ष महेन्द्र पूर्बिया ने की। मुख्य अतिथि उदयपुर पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष भेरु लाल पूर्बिया, लोकेश चौधरी केंद्रीय अध्यक्ष चौधरी मेवाड़ा समाज उदयपुर एवं सूर्य प्रकाश सुहालका अध्यक्ष सुहालका का समाज उदयपुर,किरण टांक अध्यक्ष टांक समाज थे। केंद्रीय अध्यक्ष जगदीश चंद्र पूर्बिया, व उपाध्यक्ष मोहन लाल पूर्बिया, उपाध्यक्ष महेंद्र पूर्बिया, नरेश पूर्बिया, राकेश पूर्बिया, प्रभुलाल पूर्बिया, यशवंत पूर्बिया, नारायण लाल पूर्बिया, महासचिव मदन चौधरी,छगन लाल पूर्बिया , सचिव भगवती लाल पूर्बिया, वरिष्ठ सलाहकार गोर्वधन लाल चौधरी, हेमेंद्र पूर्बिया कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक मंत्री विनोद पूर्बिया, खेल मंत्री अशोक चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने दिलाईं। पूर्व विधायक पूर्बिया ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का विकास समाज बंधुओ के सहयोग से ही संभव है। समाज बंधुओ को समाज के मदद के लिए तैयार रहना चाहिए । कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष रतन लाल पूर्बिया, पूर्व उदयपुर अध्यक्ष मोडी लाल पूर्बिया, अंजना पूर्बिया, तारा पूर्बिया, कल्पना पूर्बिया, अनीता पूर्बिया, मंजू पूर्बिया, घनश्याम पूर्बिया, मनोज पूर्बिया, सूर्य प्रकाश पूर्बिया, ईश्वर पूर्बिया, ललित पूर्बिया, त्रिलोक पूर्बिया, हरिश पूर्बिया, पृथ्वी राज सुहालका, दुष्यंत पूर्बिया सहित कई गणमान्य समाज बंधु उपस्थित थे।

# विशेष योग्यजनों के लिए इनोवेशन: विज्ञान समिति व विद्यालय उद्यम एसोसिएशन ने आयोजित किया हैकथॉन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। विज्ञान समिति और विद्यालय उद्यम एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए सहायक तकनीक विकसित करने पर केंद्रित एक इनोवेशन-आधारित हैकथॉन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित तथा शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए उपयोगी तकनीकी समाधान तैयार किए। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धानमंडी, बड़गांव और झाड़ोल के साथ ही विजन अकैडमी और बाल शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने भी इस हैकथॉन में भाग लिया। प्रतिभागियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर उनकी सोच को सामाजिक समस्याओं के समाधान की ओर प्रेरित किया गया। छात्रों ने रोबोटिक्स, डिजाइन थिंकिंग और सरल तकनीकी उपकरणों की मदद से विभिन्न श्रेणी के सहायकीय इनोवेशन तैयार किए। कार्यक्रम में विज्ञान समिति के अध्यक्ष महीप भटनागर, कुल प्रमुख डॉ. के. एल. कोठारी, डॉ. के. एल. तोतावत, डॉ. बी. एल. चावत, शांति लाल भण्डारी और इंजीनियर अशोक कुमार जैन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय उद्यम एसोसिएशन की ओर से कैलाश चंद्र रावल, लक्ष्यराज सिंह, अनिल कुमार, हर्षा और श्वेता ने छात्रों को लगातार मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने छात्रों की रचनात्मकता, तकनीकी समझ और सामाजिक संवेदनशीलता की सराहना की। मीडिया प्रभारी प्रो. विमल शर्मा ने कहा कि यह हैकथॉन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल विकसित करने का अवसर देता है, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। विशेष योग्यजनों के लिए जीवन को सरल बनाने वाले समाधान तैयार करने की छात्रों की पहल सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विज्ञान समिति की अंतरराष्ट्रीय स्तर की रोबोटिक लैब इस प्रकार के नवाचार-आधारित आयोजन भविष्य में भी नियमित रूप से करती रहेगी।

# मंदिर प्रतिमा पुनर्स्थापना के अंतर्गत बडगांव में भागवत कथा का आयोजन 19 नवंबर से



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 15 नवम्बर । श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर,होली चौक, बडगांव में मंदिर प्रतिमा पुनर्स्थापना समारोह के तत्वाधान में 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सत्संग का आयोजन 19 नवंबर बुधवार से प्रारंभ होने जा रहा है। कथा का वाचन मेवाड़ के प्रसिद्ध कथाव्यास पुष्कर दास महाराज करेंगे। बडगांव के अति प्राचीन व ऐतिहासिक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का पुनर्निमाण का कार्य पिछले कुछ समय से प्रगति पर है। इसी क्रम के तहत शुभ मुहूर्त में भगवान श्री की प्रतिमा का आसन की ऊंचाई बढ़ाने के लिए झूले में विराजित कर पुनः प्रतिष्ठा की जानी है। इसी के अंतर्गत 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सत्संग का आयोजन होने जा रहा है। कथा की सभी तैयारियां संपूर्ण हो चुकी है। वि_ल वैष्णव ने बताया कथा का समय प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से 9.30 बजे तक रहेगा।

# कलस्टर लेवल जुनियर वर्ग में मॉडल स्कूल खेरवाड़ा विजेता



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, सलूंबर में आयोजित उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों की स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालयों की कलस्टर लेवल हिन्दी व अंग्रेजी आशुभाषण प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल खेरवाड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के संस्थाप्रधान भरत कुमार मीणा ने बताया कि कलस्टर-13 में सम्मिलित उदयपुर, राजसमंद एवं सलूम्बर में स्थित समस्त मॉडल विद्यालयों की कलस्टर लेवल आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन मॉडल स्कूल सलूम्बर में हुआ। जिसमें स्थानीय विद्यालय से जूनियर वर्ग दो और सीनियर वर्ग में एक छात्र ने भाग लिया । प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग हिन्दी में राधिका मीणा एवं अंग्रेजी में परिधि पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में अंग्रेजी में प्रिंस लिम्बात ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विजेता दोनों छात्राएँ 17 नवंबर को दौसा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। छात्रों एवं टीम प्रभारी आशीष मीणा एवं ललित मीणा का इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा अभिनन्दन किया गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।